## संक्षिप्त

### विधिक सेवा समिति की बैठक

**बौंली बामनवास,** (निसं)। रालसा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति बौंली अध्यक्ष कामाक्षी मीणा द्वारा कोविड-19 की रोकथाम के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने को लेकर एक बैठक न्यायालय परिसर में आयोजित की गई। जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में जिला स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया जिसकी हेल्पलाइन नंबर 8306002136 है। बैठक में न्यायिक मजिस्ट्रेटकामाक्षी मीणा ने उपस्थित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी व अधिवक्ताओं को बाल विवाह रोकने संबंधी जानकारी देने व उसे समझा इसे रोकने की अपील की। सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा ली गई बैठक में बौंली एसडीएम बद्रीनारायण मीणा, थाना प्रभारी किशन मीणा व मलारना डूंगर थाना प्रभारी राकेश यादव सहित अधिवक्तागण व अनेकों लोग उपस्थित थे।

### 13 दुकानों को किया सील

**चाकसू,** (निसं)। शहरी क्षेत्र के अलावा अब कोरोना गांवों में भी फेलने लगा है। गाइडलाइन की पालना हेतु एवं रोकथाम के लिए उपखंड अधिकारी राजेश मीना ने कौथून गांव में अधिक कोरोना पॉजिटिव केस मिलने पर इस गांव को कन्टेमेंट जोन घोषित किया गया है और 31 मई तक पूरी तरह से पाबन्दी लगा दी है। गांव का कोई भी व्यक्ति बाहर आ जा नहीं सकता एवं बाहर का गांव में नहीं आ सकता है। सोमवार को तहसीलदार अजीत कुमार बुंदेला के नेतृत्व में एसआई जितेंद्र कुमार के साथ मुख्य बाजार चाकसू व ग्रामीण क्षेत्र थली मोड, सेवापुरा, कादेडा गांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय के बाद खुली मिली 13 दुकानों को मौके पर सील किया जाकर हाथों हाथ जुर्माना वसूला गया।

### फ्लैग मार्च निकाला, काटे चालान

**अचरोल,** (निसं)। राज्य सरकार की नई गाइडलाइन की पालना को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। आमेर उपखंड क्षेत्र के अचरोल में लगातार कोरोना संक्रमण के केस बढ ते जा रहे हैं इसी को लेकर सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जयपुर ग्रामीण धर्मेंद्र कुमार यादव जमवारामगढ डिप्टी लाखन सिंह मीणा ने अचरोल कस्बे का दौरा किया और फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने सोमवार को कई दुकानों के चालान भी काटे।


नम्बर मिलाइए
9784621001

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


### तीये की बैठक

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है हमारे पूजनीय पिताजी
**ठा.श्री प्रहलाद सिंह नरूका**
का स्वर्गवास 2/5/21 रविवार को हो गया है। तीये की बैठक 4/5/21 मंगलवार को दोपहर 12 से 5 बजे तक हमारे निवास स्थान- बी-67, सती कालोनी, शास्त्री नगर, जयपुर-पर होगी।

**शोकाकुल**- ओमप्रकाश सिंह नरूका (भाई), अशोक सिंह, सूरज सिंह, विशाल सिंह (पुत्र), करण सिंह (पौत्र), समस्त नरुका परिवार-
9982096204, 7791023243

### चौथे की बैठक

हमारे पिताजी
**श्री नरेन्द्र कुमार मोंगिया**
पुत्र स्व.श्री प्रभुदयाल मोंगिया का स्वर्गवास दिनांक 1/5/21 को हो गया है जिनकी चौथे की बैठक कोविड-19 के कारण नहीं होगी। आप सभी से प्रार्थना है कि आप सभी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अपने निवास स्थान से प्रार्थना करें।

**शोकाकुल**- संतोष (धर्मपत्नी), सुमित-गोल्डी कक्कड़, चारू- भूपेश गुलाटी (बेटी-दामाद) एवं समस्त मोंगिया, अरोड़ा, कक्कड़ और गुलाटी परिवार।
9414227817, 9588802110

# पावटा में पेयजल संकट से ग्रामीण हो रहे परेशान

**पावटा,** (निसं)। कस्बे के वार्ड न.17 में पिछले एक महिने से ग्रामीणों को पानी के लाले पड रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। वही एक और जहा आमजन कोरोना महामारी से परेशान है वही ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इसके कारण कस्बे के वार्ड न.17 के आधे वार्ड में ग्रामीणों को पीने के पानी के लाले पड रहे हैं।

जिसे लेकर वार्डवासियों ने जलदाय विभाग को लिखित मौखिक रूप से कहने के बावजूद भी पानी की सप्लाई सुचारू नहीं की जा रही है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वही मूक पशुओं को भी परेशानी का सामना करना पड रहा है। पिछले एक महीने से पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। वार्डवासी कैलाश व वार्डवासियो ने पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल को मौके पर बुलाया जिस पर गोपाल अग्रवाल ने वार्डवासियो की समस्या को

पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने वार्डवासियों से समझाइश की।

देखते हुए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी विक्की शर्मा व जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता आशीष चाहर से बात कर बताया कि वार्ड न. 17 मे आ रही पानी की समस्या से अवगत करवाया जिस पर अधिशाषी अधिकारी विक्की शर्मा व जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता आशीष चाहर ने पानी सप्लाई की समस्या वॉल खराबी को लेकर हो या ऑवर लो को लेकर

- लिखित व मौखिक रूप से अवगत करोन के बाद नहीं हो रही है कार्यवाही, आक्रोश

जल्दी ही समस्या के समाधान की बात कही। वही अंबेडकर पार्क वार्ड न.6 में पूर्व सरपंच पूजा अग्रवाल के कार्यकाल में हुई बोरिंग में भी लिकेज को लेकर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी विक्की शर्मा व जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता आशीष चाहर को अवगत करवाया कि समय पर यह बोरिंग मे हुआ लिकेज सही नही हुआ तो इस बोरिंग के पानी की सप्लाई श्मशान घाट पर बनी टंकी मे आती है जहाँ से कस्बे के कई वार्डो मे पानी सप्लाई होता है। जल्दी ही इसका समाधान नही हुआ तो ऐसे में ग्रामीणों को नियमित पानी के लिए परेशानी झेलनी पड सकती है।

## 'जन अनुशासन पखवाड़ा की पालना सुनिश्चित हो'

**सांभरझील,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शंकरदत्त शर्मा ने सोमवार को सभी थानाधिकारियों को निर्देश प्रदान किये कि सरकार की ओर से महामारी रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाडा के लिये जारी गाइडलाइंस की पालना आवश्यक रूप से करवायी जाये साथ ही गाइडलाईंस की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रभावी कार्यवाही करने में कतई कौताही नहीं बरते। उन्होंने समस्त थाना क्षेत्रों के बडे कस्बों, बाजारों व रिहायशी इलाकों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च, रूट मार्च पैदल तथा पुलिस बाइक व वाहनों से करते हुये आमजन को घर में ही सुरक्षित रहने की समझाइश की साथ ही सरकार की गाइड लाइंस की किसी भी सूरत में अवहेलना नहीं करने के लिये भी चेताया। इससे पहले एसपी ग्रामीण ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में गाइडलाइंस पालना सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में औचक निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर किसी भी प्रकार की कौताही नहीं बरतने के लिये भी सख्त हिदायत दी गयी।

## रक्तदान शिविर में 105 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

**चौमू/कालाडेरा,** (निसं)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 71 वें जन्म दिवस के अवसर पर जयपुर जिला देहात कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष लल्लूराम सैनी के के नेतृत्व में सातवां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कालाडेरा कस्बे में स्थित हनुमान गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चौमू नगरपालिका के चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, कालाडेरा कांग्रेस इकाई अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा के द्वारा रक्तदान करने वाले युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में 105 रख दाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का लल्लूराम सैनी द्वारा आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शीशपाल बागडा, अक्षय बाडीवाल, विकास, विनोद, मनोज अटल, गजानंद सैनी, पंचायत समिति सदस्य सांवरमल सैनी, सूरज सैनी, रामचंद्र यादव, कानाराम तुनवाल, कालूराम खोद, कालाडेरा के पूर्व सरपंच छितरमल हटवाल, युवा जन कल्याण संस्था के अध्यक्ष शंकरलाल खोज, विष्णु सेन, आदि ने बढ चढ कर हिस्सा लिया।

## बैठक में डोर-टू-डोर खाद्य सामग्री व फल सब्जी वितरण का लिया फैसला

**उनियारा,** (निसं)। उनियारा पुलिस थाना परिसर में सोमवार को उपखंड अधिकारी उनियारा रजनी मीणा एवं पुलिस वृताधिकारी प्रदीप गोयल ने व्यापार मण्डल, दूध व फल-सब्जी विक्रेताओं की बैठक ली।

जिसमें व्यापार मण्डल के सभी सदस्यों ने व्यापारियों की समस्याएं प्रशासन के सामने रखी। साथ ही व्यापार मण्डल के सदस्यों ने कहा कि उनके सामने कई प्रकार की समस्याएं हैं, जिनका निस्तारण होना भी अति

उनियारा एसडीएम रजनी मीणा एवं पुलिस वृताधिकारी प्रदीप गोयल ने आवश्यक बैठक ली।

- व्यापार मंडल, दूध व फल-सब्जी विक्रेताओं की बैठक

आवश्यक है। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने राजस्थान कोरोना महामारी की नई गाईडलाईन के अनुसार रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाडा के तहत 3 मई से 17 मई तक नई गाईडलाईन का जिक्र करते हुए कहा कि सभी किराना के व्यापारी खाध सामग्री की होम डिलीवरी पर ही कार्य करेंगे। जिसमें सुबह 6 बजे से 11 बजे तक होम डिलीवरी करनी होगी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति किराना के सामान लेने बाजार की दुकानों पर नहीं आएगा। साथ ही फल-सब्जी वाले सुबह से शाम 5 बजे तक गली-मोहल्लों में जाकर सब्जी बेच सकते हैं। वहीं दूध डेयरी वाले सुबह 6 से 11 बजे एवं शाम 5 से 7 बजे तक डेयरी संचालित कर सकते हैं। बैठक में व्यापारी सन्दीप गुप्ता, हेमराज मंगल, धर्मेंद्र मित्तल, रमेश मित्तल, ओम जैन, रमेश जांगिड, अजय कुमार गुप्ता, भगवानदास पटवा, पिंटू साहू, अल्लादिया, मोहम्मद हुसैन, महेश खंडेलवाल सहित नगरपालिका उनियारा के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी कैलाशचन्द सैनी, सफाई निरीक्षक रामकिशोर वर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक रमन यादव, उनियारा थाना प्रभारी राधाकिशन मीणा, सहायक उपनिरीक्षक चावन्डसिंह अन्य पुलिसकर्मी तथा व्यापारीगण मौजूद थे।

## लालसोट में नगर पालिका प्रशासन ने हाइपोक्लोइड का छिड़काव करवाया

**मंडावरी,** (निसं)। नगर पालिका प्रशासन द्वारा कस्बे में बढ ते कोरोना वायरस सक्रमण के बाद एहतियात के तौर पर विभिन्न जगहों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिडकाव करा कर क्षेत्र को विसंक्रमित करवाया गया.. सोमवार को दोपहर बाद लालसोट नगर पालिका का अग्निशमन वाहन मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र पहुंचाएं एवं उसमें कार्मिकों द्वारा विभिन्न जगहों पर हाइपोक्लोराइड का छिडकाव कर सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया.. नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी सीमा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्निशमन वाहन में हाइपोक्लोराइड सोडियम का घोल बनाकर मंडावर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11 ए पर स्थित मकानों प्रतिष्ठानों सहित कई जगहों पर हाइपो का छिडकाव करा कर जगहो को सैनिटाइज कराया गया.. अधिशासी अधिकारी चौधरी ने बताया कि जिन जगहों पर कोरोनावायरस थी पाए गए थे उन जगहों पर भी जहां तक वाहन पहुंच सकता था

बढ़ते कोरोना संक्रमण पर रोक के लिए सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव कर क्षेत्र को सैनिटाइज किया गया।

उन जगहों पर भी सोडियम हाइपोक्लोराइड घोल का छिडकाव करा कर उस जगह को सेनीटाइज करवाया गया।

अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 31 मई कर दी गई है ऐसे में नगर पालिका के क्षेत्र के सभी लोग नजदीकी ई मित्र केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं एवं गंभीर बीमारी से 5 लाख रुपए तक के कवर का लाभ पाएं.. वही अधिशासी अधिकारी चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 18 वर्ष आयु वर्ग तक को निशुल्क कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए वैक्सीनेशन कराया जा रहा है ऐसे में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र एवं टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करा कर जीवन सुरक्षित रखें।

## विधायक ने 50 हजार, रामसेवा परिवार ने दी राशन सामग्री

**मालपुरा,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के चांदसेन पहाडी में 29 अप्रेल को हुए अवैध खनन हादसे में एक श्रमिक की हुई मौत व एक श्रमिक के गंभीर घायल मामले में प्रथम दृश्या मालपुरा रेंजर राजेश कुमार शर्मा को दोषी मानते हुए मुख्य वन संरक्षक अधिकारी अजमेर महेश कुमार गुप्ता ने आदेश जारी कर मालपुरा रेंजर को एपीओं कर मुख्यालय अजमेर रखे जाने के आदेश दिये।

वहीं मालपुरा एसडीएम राकेश कुमार मीणा ने वन प्रसार अधिकारी राजेश कुमार शर्मा को नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्वयं उपस्थित होकर जवाब नहीं देने पर विभागीय कार्यवाही की चेतावनी दी। एसडीएम द्वारा वन प्रसार अधिकारी को जारी नोटिस में अवगत करवाया कि 29 अप्रेल को हुए खान हादसे की मिली सूचना के बाद जब रेंजर से सम्पर्क साधा गया तो मोबाईल बन्द होना पाया गया तथा जानकारी किये जाने पर रेंजर राजेश शर्मा कार्यालय व मुख्यालय से बिना किसी सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के अनुपस्थित पाये गये। घटना स्थल पर

- अवैध खनन हादसे में मालपुरा रेंजर एपीओ
- एसडीएम ने वन प्रसार अधिकारी को नोटिस जारी कर किया तलब

पहुंच एसडीएम व पुलिस उपाधिक्षक द्वारा पंचायत सरपंच के साथ की जांच व मौका निरीक्षण में ढही खान के आसपास बडी संख्या में अवैध खनन के गड्ढे पाये गये जो कि पहाडी क्षेत्र में लम्बे समय से हो रहे अवैध खनन के प्रमाण है।

वहीं सोमवार को खान हादसे में अकाल मौत का ग्रास बने श्रमिक रमेश वर्मा के आवास पर पहुचे क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने मृतक की पत्नी को निजी कोष से 50 हजार रूपयों की आर्थिक सहायता का चैक सोंप। वही राम सेवा परिवार ने मृतक व घायल श्रमिक के परिवार को एक माह की रसद सामग्री भेंट की।

# टोंक में बेवजह घूमते 40 व्यक्तियों को क्वारंटाईन किया,150 बाइक जब्त

**टोंक,** (निसं)। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सरकार की नई गाईडलाइन के अनुसार अब टोंक जिला प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी के तहत आज जिला प्रशासन ने शहर की सडकों पर घूम घूम कर गाईडलाइन की पालना करने की हिदायत दी। इस मौके पर टोंक एडीएम, एसडीएम नित्याके, एसपी ओमप्रकाश, एडिशनल एसपी,डिप्टी, कोतवाली थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह सहित पुलिस का भारी जाब्ता मौजूद रहा।

प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्य चौराहों पर पैदल मार्च भी किया। टोंक शहर के प्रमुख चौराहे पर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने अनावश्यक घुमने वालों को चिहिंत करते हुए करीब 40 लोगों को बेवजह घुमने पर सैम्पलिंग कराई और कोरोना पॉजिटिव आने पर उनको

रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाड़े के तहत अनावश्यक घूमने वालों पर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों ने कार्यवाही की।

कोविड सेंटर में भर्ती रखा जाएगा और करीब 150 मोटरसाईकिले भी जब्त की। प्रशासन की सख्ती के बाद सडकों पर सन्नाटा पसरा है। वही जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने एक आदेश जारी कर दुकानदारों को सामान की होम डिलीवरी करने के आदेश दिए है। राज्य सरकार की गाईडलाइन के अनुसार किराना

- प्रशासन ने दिखाई सख्ती, दुकानदार करेंगे होम डिलीवरी

दुकानदार सुबह 6 से 11 बजे तक दुकान खोल कर होम डिलेवरी ही कर सकेंगे। आमजन सामान लेने के लिए दुकानों पर नहीं जाएंगे। कलक्टर ने व्यापार संघ से वार्ता कर एक नए आदेश जारी किए है। आदेशानुसार अब कोई भी दुकानदार ग्राहकों को अपनी दुकान पर सामान नहीं देगा। ग्राहकों को अब घर बैठे दुकानदारों को सामान की होम डिलीवरी देनी होगी। इसके लिए सभी किराना स्टोर की मोबाइल नंबर लिस्ट जारी करनी होगी। इस लिस्ट का प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। होम डिलीवरी के लिए दुकानदार कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं लेगा साथ ही दुकानदार एमआरपी रेट से अधिक सामान का विक्रय नहीं करेंगे। अगर कोई नियमो की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टोंक एसपी ओमप्रकाश ने लोगों से अपील की है कि बेवजह लोग घरों से ना निकले, अगर कोई गाईडलाइन का उल्लंघन करता मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को कोरोना गाईड लाईन की पालना की कमान संभाल जिला पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश ने एडीएम मुरारीलाल शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष मिश्रा, सीओ चन्द्रसिंह रावत, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, कोतवाल लक्ष्मणसिंह, पुरानी टोंक थानाधिकारी त्रिलोकचंद, सदर थाना प्रभारी दशरथसिंह मय दल बल के साथ शहर के दौरे पर रहकर पालना कराने में जुटे हुए देखे गए।

## सार-समाचार

### 370 लोगों को काढ़ा पिलाया

**फागी,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की कुंडली ग्राम पंचायत प्रशासन व आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कुंडली ग्राम पंचायत परिसर में सोमवार को ग्रामीणों को काढ ा पिलाया गया। कुडली ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी मुकलेश खटिक बताया कि सोमवार को काढ ा पिलाओ कार्यक्रम के तहत कुंडली पंचायत क्षेत्र के 370 लोगों को काढ ा पिलाया गया। कार्यक्रम में कुंडली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संचालित राजकीय आयुर्वेद विभाग के सुरेश चंद शर्मा, पूर्व सरपंच बनवारीलाल स्वामी, ग्राम पंचायत के अनेक वार्ड पंच समाजसेवी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### वैक्सिनेशन से पूर्व रक्तदान किया

**कोटपूतली,** (निसं)। एक मई से पूरे देश में 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को वैक्सिन लगना प्रारम्भ हुआ है, जिससे वैक्सिन लगने के बाद कोई भी 1 माह तक रक्तदान नहीं कर सकेगें। जिससे ब्लड बैंकों में रक्त की उपलब्धता का संकट खडा हो सकता है। इस संकट को ध्यान में रखते हुए रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल ने ब्लड बैंको में रक्त की उपलब्धता बनाये रखने के लिए युवाओं को पहले रक्तदान करे, उसके टीकारण करवाने का आग्रह किया। जिस पर सोमवार को कस्बे के श्री कृष्णा ब्लड बैंक में सोनू सैनी पुत्र नत्थुराम सैनी निवासी रामपुर तहसील बानसूर जिला-अलवर ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर रक्तमणि रमेश सैनी एवं ललित सैनी उपस्थित रहे।

### दो माह से फरार बाप बेटे गिरफ्तार

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। गांव घासोली में करीब 2 माह पहले की गई दुकान के अंदर व्यापारी के साथ मारपीट लूटपाट मामले में फरार चल रहे आरोपी बाप बेटे जुबेर व निजरु खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मारपीट प्रकरण में 6 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना अधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि 19 फरवरी 2021 को गांव घासोली की कुमारी ज्योति ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था कि उसके पिताजी नंदकिशोर सांय करीब 4 बजे दुकान के अंदर खाता बही का काम कर रहे थे। इस दौरान निजरू हनीफ जुबेर अली मोहम्मद आशु रूजदार मोटा आजाद सुबेदिन आदि हथियारों से लैस होकर दुकान पर आए और दुकान में तोडफोड की, बही के पन्ने फाड दिए तथा दुकान के अंदर रखे 3 लाख रुपए लूट ले गए। पुलिस ने सूचना मिलने पर घटना के बाद से फरार चल रहे जुबेर खान व पिता निजरू खान को घासोली बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया।

### बूढ़ा बास्योडा मनाया

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा कस्बे में सोमवार को बूढ ा बास्योडा का पर्व बडे हर्षोल्लास के साथ कोरोना गाइड लाईन को ध्यान में रखते हुए मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अल सुबह ही पुराना फुलेरा व गांधी चौक के पास स्थित प्रचीन शीतला माता के मन्दिर में जाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान माता शीतला को ठण्डे पकवानों का भोग लगाया। शीतला माता की पूजा-अर्चना के बाद पुजारी धन्ना लाल प्रजापति को पूजापा दिया। तत्पश्चात पथवारी माता की कहानी सुनकर बुजुर्ग महिलाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद किया। वहीं पुजारी धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के कारण भीड कम देखी गई साथ ही सभी ने राज्य सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइड लाईन की पालना करते हुए मास्क व सोशियल डिसटेंस का पालन किया गया।

### भिवाड़ी एसपी ने दिए निर्देश

**किशनगढ बास,** (निसं)। भिवाडी एसपी राममूर्ति जोशी ने किशनगढ बास खैरथल का दौरा किया और पुलिस अधिकारियों को सरकार की ओर से जारी कोविड-19 की गाइडलाइन की सख्ति से पालना कराने के निर्देश दिए। थाना अधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि सोमवार को भिवाडी एसपी राममूर्ति जोशी ने किशनगढ बास व खैरथल का दौरा किया। इस दौरान पुलिस टीम के साथ शहर के बाजारों का भ्रमण कर स्थिति को देखा। एसपी ने सरकार की ओर से कोविड-19 को लेकर जारी की गई गाइडलाइन की पालना के लिए सख्त निर्देश दिए और कहा बेवजह घूमने वाले लोगों को सख्ति से रोके अगर फिर भी नहीं माने तो पकड कर कोरंटाइन सेंटर भेजें।

### प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला

**फुलेरा,** (निसं)। रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाडा शुरू होने पर कस्बे में सोमवार को फुलेरा पुलिस प्रशासन ने वृताधिकारी सांभरलेक कीर्ति सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान कोरोना गाइड लाईन की पालना करने की हिदायत दी गई। साथ ही जनता से अपील करते हुए थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण कस्बे में लगातार बढ ता ही जा रहा है तथा इस कारण कई लोगों की मौत भी हो गई। अत: बेवजह सडक पर ना घुमे घर पर ही रहें व स्वयं भी स्वस्थ रहे और अपने परिवार को भी स्वस्थ व सुरक्षित रहे। फ्लैग मार्च के दौरान फुलेरा थानाधिकारी रणजीत सिंह सहित अन्य कई पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### वरिष्ठ प्रबोधक पद पर पदोन्नति की मांग

**दौसा,** (निसं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकेंडरी टीचर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष मोहरसिंह सलावद ने राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर राज्य के शिक्षा विभाग में 13 वर्षो से प्रबोधक पद पर कार्यरत कार्मिकों को वरिष्ठ प्रबोधक के पद पर पदोन्नति करने की मांग की है। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल मीणा, प्रदेश सचिव मंशाराम खिजुरी ने कहा कि संघ सरकार से मांग करता हैं कि प्रबोधक पदोन्नति शीघ्र करें ताकि प्रबोधक पहले की तरह पूर्ण मनोयोग व उत्साह के साथ सुदूर क्षेत्र में अध्यापन कार्य बिना किसी निराशा व अवसाद के करते रहे।

### अवैध देशी शराब जप्त, एक गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब बेचते गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की मुखवीर से सुचना मिली की ग्राम केशवाना राजपूत में बड के पेड के नीचे एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी शराब बेच रहा है। सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी योगेन्द्र सिंह पुत्र शक्तिदान सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 48 पव्वे देशी शराब बरामद किये है।

### चिकित्सीय उपकरणों की स्वीकृति

**चाकसू,** (निसं)। कोविड-19 की विकट परिस्थितियों को देखते हुए दौसा सांसद जसकौर मीना ने चाकसू सेटेलाइट हॉस्पिटल के लिए 2 क्रिटिकल केयर एम्बुलेंस, वेंटिलेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर व कंसंट्रेटर सहित 1 करोड़ 30 लाख रुपये के 561 चिकित्सकीय उपकरणों की स्वीकृति दी है। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी चाकसू विधानसभा अर्जुन सिंह राजावत के द्वारा दी गई।

### 444 लोगों ने लगवाई वैक्सीन

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर के प्रभारी डॉ राजेश मंगावा के अनुसार 3 मई सोमवार को 444 लोगों ने कोरोना वैक्सीन के टीके लगवाये। डॉ मंगावा ने बताया कि मंगलवार को भी लोगों को कोविड टीकाकरण राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में लगेगा।